सत्यमेव जयते

कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)
उत्तराखण्ड, देहरादून

अभियन्त्रण विभागों के खण्डों की कार्य प्रणाली पर वार्षिक समीक्षा प्रतिवेदन

वर्ष 2023–24

उत्तराखण्ड सरकार

विषय सूची

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	प्रस्तावना	2
2.	महत्वपूर्ण बिन्दु	3
3.	संस्तुतियां	4
4.	परिचयात्मक	5
5.	संरचना / भाग–प्रथम	6–14
6.	द्वितीय– भाग	14–15
7.	अनुलग्नक–1 से 10	16–51

प्रस्तावना

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के स्थायी आदेशों की पुस्तिका (लेखा एवं हकदारी) खण्ड–1 के प्रस्तर 8.54 के प्रावधानों के अन्तर्गत इस कार्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष अभियन्त्रण विभागों के खण्डों की कार्य प्रणाली की वार्षिक समीक्षा प्रकाशित की जाती है। इस समीक्षा का उद्देश्य उत्तराखण्ड राज्य के लोक निर्माण, सिंचाई, लघु सिंचाई एवं ग्रामीण निर्माण विभाग के खण्डों के लेखों के रख–रखाव में परिलक्षित महत्वपूर्ण एवं सामान्य प्रकृति की अनियमितताओं को केन्द्रीयभूत करना है। इसके अतिरिक्त इसमें लेखापरीक्षा कार्यालय द्वारा लेखापरीक्षा में पाई गई सामान्य प्रकार की अनियमितताएं, उत्तर न दिये गई लेखा परीक्षा टिप्पणियों और निरीक्षण प्रतिवेदनों के ब्यौरे तथा लोक निर्माण/सिंचाई/लघु सिंचाई एवं ग्रामीण निर्माण विभाग के खण्डों के स्थानीय निरीक्षण में पाई गई महत्वपूर्ण अनियमितताओं को भी सम्मिलित किया गया है। लेखा कर्मचारियों द्वारा मासिक लेखे तैयार करने में आवश्यक लेखा नियमों तथा प्रणालियों की पर्याप्त जानकारी के अभाव में लेखा या तो पूर्ण रूप से तैयार नहीं किये जाते हैं या तैयार भी किये जाते हैं तो उनकी गुणवत्ता उच्च स्तरीय नहीं होती है। लोक निर्माण, सिंचाई, लघु सिंचाई एवं ग्रामीण निर्माण विभाग के खण्डों द्वारा लेखा संधारण में अभी भी सुधार की आवश्यकता हैं।

मैं आशा करता हूँ कि यह प्रतिवेदन उत्तराखण्ड राज्य के लोक निर्माण, सिंचाई, लघु–सिंचाई एवं ग्रामीण निर्माण विभाग के लेखा अधिकारियों/कर्मचारियों को अनियमितताओं के प्रति सचेत करने तथा नियमानुसार कार्य सम्पादन करने की दृष्टि से मार्गदर्शन प्रदान करने में उपयोगी सिद्ध होगा।

(राजीव कुमार सिंह)
महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),
उत्तराखण्ड

दिनांकः 16 /12/ 2024 स्थानः देहरादून

महत्वपूर्ण बिन्दु

1. खण्डों द्वारा मासिक लेखे विलम्ब से कार्यालय महालेखाकार को प्रस्तुत किये गये (प्रस्तर–1)।

2. खण्डों द्वारा वर्ष 2023–24 में प्रपत्र–51 मासिक लेखा के साथ कार्यालय महालेखाकार को विलम्ब से प्रेषित किये गए (प्रस्तर–2)।

3. सिंचाई विभाग द्वारा जमा में प्रतिकूल अवशेष लम्बे समय से चले आ रहे हैं। प्रतिकूल जमा अवशेष के अविलम्ब निस्तारण हेतु शासन स्तर से कड़े निर्देश जारी करने की आवश्यकता है (प्रस्तर–3)।

4. नकद परिशोधन उचन्त लेखा (सी0एस0एस0ए0) एवं सामग्री क्रय परिशोधन उचन्त लेखा (एम0पी0एस0एस0ए0) के अन्तर्गत विगत कई वर्षों से राशियां लम्बित हैं। धनराशियों के त्वरित समायोजन हेतु शासन स्तर से कड़े निर्देश जारी करने की आवश्यकता है (प्रस्तर–4, 5)।

5. लोक निर्माण प्रेषण शीर्षों के अन्तर्गत लम्बित धनराशियों के निस्तारण न होने से गबन/कपट की सम्भावना रहती है (प्रस्तर–6)।

6. विगत वर्षों में लेखे से सम्बन्धित अनेकों अनियमितताओं को अवगत कराने के बावजूद भी उक्त अनियमिततांए इस वर्ष भी लेखे में पायी गयी है (प्रस्तर–7)।

7. प्रकीर्ण अग्रिम से सम्बन्धित अवशेष जो विगत अनेक वर्षो से लम्बित चले आ रहे हैं, के निस्तारण हेतु त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जानी अपेक्षित है (प्रस्तर–8)।

8. लेखापरीक्षा कार्यालय के निरीक्षण दलों द्वारा जारी किये गये निरीक्षण प्रतिवेदनों के प्रथम उत्तर निर्धारित समयावधि व्यतीत हो जाने के बाद भी प्राप्त नही हुए। निरीक्षण के दौरान पायी गई महत्वपूर्ण अनियमितताएं तथा केन्द्रीय लेखापरीक्षा के दौरान मासिक लेखाओं में अन्य अनियमिततायें पायी गई (द्वितीय भाग प्रस्तर–1 एवं 2)।

संस्तुतियाँ

महालेखाकार कार्यालय द्वारा तैयार किये जाने वाले राज्य के वित्त एवं विनियोजन लेखों में अभियन्त्रण खण्डों के व्यय एवं प्राप्ति के यथार्थ एवं सही आंकड़े सम्मिलित होने चाहिए। इस दृष्टि से खण्डों द्वारा प्रेषित किये जाने वाले संकलित मासिक लेखों की समीक्षा की जाती है और परिणामों से सम्बन्धित खण्डों को समय–समय पर अवगत कराया जाता है। इसी क्रम में खण्डों के लेखों में सुधार एवं गुणवत्ता में सुधार की दृष्टि से राज्य शासन/विभागाध्यक्ष द्वारा खण्डीय अधिकारियों को **निम्नलिखित अनुदेश अनिवार्य रुप से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु जारी किये जाने चाहिएः–**

1. मासिक लेखे कार्यालय महालेखाकार को अनिवार्य रूप से निर्धारित समयावधि (जिस माह का लेखा है उसके अगले माह की 07 से 10 तारीख के मध्य)के अंतर्गत प्रस्तुत करें।

2. प्रपत्र–51 मासिक लेखे के साथ प्रस्तुत करें।

3. लोक निर्माण प्रेषण शीर्षों में लम्बित क्रेडिट एवं डेबिट धनराशियों का समायोजन संबंधित कोषगारों से मिलान कर सुनिशिचित करें।

4. विविध लोक निर्माण अग्रिम (प्रकीर्ण अग्रिम) के रुप में लम्बित धनराशियों का निस्तारण सुनिश्चित करें तथा वित्तीय वर्ष के अन्त में कोई भी अग्रिम असमायोजित नही रहना चाहिए।

5. नकद परिशोधन लेखों के अन्तर्गत लम्बित शेषों का निस्तारण सुनिश्चित करायें।

6. सामग्री क्रय (परिशोधन) लेखों के अन्तर्गत अनिस्तारित शेषों का निस्तारण सुनिश्चित करें।

7. कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा जारी किए गये निरीक्षण प्रतिवेदनों का उत्तर, जारी करने की तिथि से 6 सप्ताह के भीतर प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

अभियन्त्रण विभागों के खण्डों की कार्य प्रणाली पर वर्ष 2023–24 की वार्षिक समीक्षा आख्या

परिचयात्मकः–

यह समीक्षा उत्तराखण्ड राज्य के लोक निर्माण, सिंचाई, लघु सिंचाई एवं ग्रामीण निर्माण विभाग के खण्डों की कार्य प्रणाली का मूल्यांकन है। विभिन्न खण्डों के मासिक लेखों में हो रही निरन्तर व सामान्य प्रकृति की अनियमितताओं को इस समीक्षा आख्या में शामिल किया गया है। यहाँ यह भी उल्लेख किया जाता है कि इस समीक्षा आख्या में जो भी अनियमितताएं, कमियाँ एवं त्रुटियाँ शामिल की गयी हैं, वे विस्तृत नहीं बल्कि उदाहरण के रूप में हैं।

दिनाँक 31–03–2024 को अभियन्त्रण विभागों के खण्डों की कुल संख्या–191 थी। विभाग वार खण्ड़ों की संख्या निम्न हैः–

क्रम संख्या	विभाग	खण्डों की संख्या
1.	लोक निर्माण	85
2.	सिंचाई	72
3.	लघु सिंचाई	13
4.	ग्रामीण निर्माण विभाग	21
योग		191

संरचना

समीक्षा आख्या दो भागों में निम्नवत् तैयार की गयी हैः–

प्रथम–भागः इस भाग में खण्डों से प्राप्त हुये मासिक लेखों की प्रारम्भिक जाँच एवं लेखों के संकलन के दौरान पायी गयी कमियों/अनियमितताओं को सम्मिलित किया गया है।

द्वितीय–भागः इस भाग में लेखापरीक्षा कार्यालय के केन्द्रीय लेखापरीक्षा एवं स्थानीय निरीक्षण के दौरान खण्डों के प्रारम्भिक लेखों के रख–रखाव में पायी गयी वित्तीय अनियमितताओं एवं त्रुटियों को शामिल किया गया है।

प्रथम–भाग

प्रस्तर 1ः मासिक लेखों का विलम्ब से भेजा जानाः–

वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–6 के प्रस्तर–758 के प्रावधानों के अन्तर्गत खण्डों के संकलित मासिक लेखे सभी प्रपत्रों सहित (केवल माह मार्च के लेखे को छोडकर) अगले माह 7 से 10 तारीख के मध्य एवं मार्च माह के मासिक लेखे 15 अप्रैल तक महालेखाकार कार्यालय में प्राप्त हो जाने चाहिए। यह भी प्रकाश में आया है कि कतिपय खण्डीय अधिकारियों द्वारा संकलित मासिक लेखे महालेखाकार कार्यालय में समय से प्राप्त कराये जाने के सम्बन्ध में उपरोक्त प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। विगत पांच वर्षो में विलम्ब से प्राप्त होने वाले मासिक लेखों का सार निम्न तालिका में दिया गया है :–

तालिका–1

वर्ष	सिंचाई विभाग	लघु सिंचाई विभाग	लोक निर्माण विभाग	ग्रामीण निर्माण विभाग	पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड			विलम्ब से प्राप्त लेखों का योग	कुल खण्ड	विलम्ब से प्राप्त लेखों का प्रतिशत
					सिंचाई (खण्ड)	लोक निर्माण विभाग	ग्रामीण निर्माण विभाग			
2023–24	277	88	189	55	84	72	24	789	191	34.42
2022–23	337	78	309	82	102	39	22	969	191	42.27
2021–22	378	85	381	70	103	37	12	1066	191	46.51
2020–21	262	73	473	109	68	49	07	1041	199	43.59
2019–20	241	61	373	80	69	53	09	886	199	37.10

विलम्ब से प्राप्त होने वाले मासिक लेखे वर्ष 2019–20 में लगभग 37.10 प्रतिशत थे। लेकिन वित्तीय वर्ष 2023–24 में भी 34.42 प्रतिशत मासिक लेखे विलम्ब से प्राप्त हुए है, विगत वर्षों मे विलम्ब से प्राप्त लेखों के प्रतिशत में संतोषजनक नहीं है जो एक गंभीर विषय है जिसमें अनिवार्य रूप से सुधार की आवश्यकता है।

वर्ष 2023–24 में विलम्ब से प्राप्त हुये मासिक लेखों की विभागवार एवं माहवार स्थिति अनुलग्नक–1(अ) एवं अनुलग्नक–1(ब) में दी गई है।

शासन द्वारा सम्बन्धित विभागों को निर्धारित दिनांक तक मासिक लेखों का प्रस्तुतीकरण करने की प्रक्रिया को त्वरित करने की आवश्यकता है।

नोटः कोषागार द्वारा संकलित मासिक लेखे Interface के द्वारा इस कार्यालय को ससमय प्राप्त हो रहे हैं।

प्रस्तर–2: मासिक लेखों के साथ प्रपत्र–51 न भेजा जाना अथवा विलम्ब से भेजे जाने के कारण ब्रॉडशीट के रख–रखाव में व्यवधान उत्पन्न होनाः–

वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–6 के प्रस्तर 758 के प्रावधानों के अन्तर्गत खण्डीय अधिकारी प्रपत्र–51, शैड्यूल ऑफ सेटलमेंट विद् ट्रेजरीज, कोषाधिकारी द्वारा जारी किये गए प्रमाण पत्र एवं संकलित ट्रेजरी रसीदों सहित, मासिक लेखे के साथ महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित करेंगे। खण्डों से प्राप्त उक्त प्रपत्र के आधार पर मुख्य लेखाशीर्ष–8782 की ब्राडशीट को तैयार किए जाने का कार्य महालेखाकार कार्यालय द्वारा किया जाता था।

अप्रैल 2019 से राज्य मे IFMS प्रणाली लागू होने के उपरान्त सचिव, वित्त अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन के पत्र सं0–306/XXVI(6)/एक/2018/2019 दिनाँक 05 सितम्बर 2019 के बिन्दु (क) 6 के अनुसार – लोक निर्माण प्रेषण से संबंधित लेखाशीर्ष 8782–00–102 को दिनाँक 01.09.2019 से समाप्त कर दिया गया है जिसके कारण खण्डों का मुख्य लेखाशीर्ष 8782 से सम्बधित का ब्रॉडशीट अद्यतन नहीं किया जा सका

प्रस्तर–3 सिंचाई विभाग जमा में प्रतिकूल शेषः–

लेखाशीर्ष 8443–सिविल जमा, 108–लोक निर्माण जमा के अन्तर्गत कुछ खण्डों में कुल रू. **39.95** (crore) का प्रतिकूल अवशेष है इसका कारण ऋणात्मक अवशेष वाले खण्डों के विघटन के फलस्वरूप धनात्मक अवशेष वाले खण्डों में समायोजित किया जाना है, जबकि विभाजन से पूर्व के अवशेष अभी भी बंटवारे के अधीन हैं, जिनका विवरण अनुलग्नक–2 में दिया गया है। उपरोक्त लेखाशीर्ष के अन्तर्गत प्रतिकूल शेष यह अंकित करता है कि खण्डों द्वारा बाह्य एजेंसियों के कार्य सम्पादन हेतु जमा की गयी धनराशि से अधिक व्यय कर दिया गया है जो कि संहिता एवं नियम पुस्तकों में उल्लिखित प्रावधानों के प्रतिकूल है। प्रतिकूल शेष इस बात को भी अंकित करता है कि शासन को देय धनराशि की वसूली बकाया है। शासन द्वारा सम्बन्धित विभागों के प्रतिकूल शेष के निस्तारण हेतु नीति निर्धारित करने की आवश्यकता है।

प्रस्तर–4: लेखाशीर्ष–8658 उचन्त लेखे–107 नकद परिशोधन उचन्त लेखे के अन्तर्गत दीर्घावधि से रू. 160.06 लाख के लम्बित अवशेष :–

अभियन्त्रण विभागों में शासनादेश संख्या–ए 2–1240/दस–95–17(6)/83 दिनांक 23–05–1995 द्वारा भण्डारों एवं सामग्रियों के क्रय हेतु दिनांक 01–07–1995 से 'कैश एण्ड कैरी' पद्धति लागू की गई थी। दिनांक 01–07–1995 से पूर्व अभियन्त्रण विभागों के विभिन्न खण्डों द्वारा समय–समय पर नकद परिशोधन उचन्त लेखा (सी0एस0एस0ए0) में धनराशि पुस्तांकित की जाती रही है। नियमानुसार प्रतिवादी खण्ड को नकद परिशोधन उचन्त लेखा में पुस्तांकित की गई धनराशि को मूल खण्ड से लेखा प्राप्त होने के 10 दिनों के भीतर निस्तारित किया जाना चाहिये था, जिससे कि उक्त शेष में कोई अवशेष अनिस्तारित न रहे। यह देखने में आया है कि कुछ खण्डों द्वारा उक्त शेष में विभिन्न खण्डो द्वारा नकद परिशोधन उचन्त लेखे में पुस्तांकित की गई धनराशि का निस्तारण न किये जाने के फलस्वरूप अभी भी रू. **160.06** लाख के अवशेष विभिन्न खण्डों के विरूद्ध राज्य विभाजन के पूर्व से चले आ रहे हैं। ऐसे अवशेषों का उल्लेख पूर्व के वर्षो में जारी वार्षिक समीक्षा आख्याओं में इस आशय से किया गया था कि शासन स्तर पर अवशेष के निस्तारण हेतु प्रभावी कदम उठाये जायेंगे, परन्तु अवशेष का लम्बित रहना यह दर्शाता है कि शासन स्तर पर प्रभावी कार्यवाही नहीं की गयी। जिन खण्डों के विरूद्ध अवशेष हैं उनका विवरण अनुलग्नक–3 में दिया गया है।

अतः शासन से अपेक्षा की जाती है कि लेखाशीर्ष 8658–उचन्त लेखे–107 नकद परिशोधन उचन्त लेखे में लम्बित धनराशि जो राज्य विभाजन के पूर्व से चली आ रही है, के निस्तारण के सम्बन्ध में नीति–निर्धारण कर निस्तारण हेतु प्रभावी कदम उठाये जायें।

प्रस्तर–5: सामग्री क्रय परिशोधन उचन्त लेखे के अन्तर्गत दीर्घ अवधि से रू. 262.99 लाख अनिस्तारित अवशेषः–

वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–6 के प्रस्तर–763 के प्रावधानों के अनुसार खण्डों द्वारा उचन्त लेखाशीर्ष के अन्तर्गत पुस्तांकित की गई धनराशि की वसूली अथवा समायोजन, शीघ्र किया जाना चाहिए, जिसके लिए विशेष प्रयास किये जाने अपेक्षित हैं। ऐसा प्रकाश में आया है कि कुछ खण्डों द्वारा उचन्त लेखाशीर्ष के अन्तर्गत पुस्तांकित की गई धनराशि के निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में उपरोक्त प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। सामग्री क्रय परिशोधन उचन्त लेखा (एम0पी0एस0एस0ए0) शीर्ष के अन्तर्गत जिन खण्डों के विरूद्ध रू. 262.99 लाख की राशि राज्य विभाजन के पूर्व से चली आ रही है अथवा असमायोजित पड़ी हुई है उनका खण्डवार विवरण अनुलग्नक–4 में दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि उक्त अवशेष का विवरण इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी व समीक्षा प्रतिवेदनों में किया गया था परन्तु शासन स्तर पर अवशेष के निस्तारण हेतु कोई प्रभावी कार्यवाही की गयी प्रतीत नहीं होती है।

राज्य सरकार से अपेक्षा की जाती है कि खण्डीय अधिकारियों को वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–6 के प्रस्तर–763 के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया जाये तथा आवश्यकता अनुरूप निस्तारण की समुचित प्रणाली विकसित की जाये।

प्रस्तर–6: लोक निर्माण प्रेषण शीर्ष के अन्तर्गत लम्बित धनराशियों का समाधान न किया जानाः–

लोक निर्माण प्रेषण शीर्ष के अन्तर्गत लंबित धनराशियों के समाधान हेतु, वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड 6 के प्रस्तर 742 एवं 743 तथा वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड 5 (भाग–2) के प्रस्तर 638 (ख) तथा प्रस्तर 648 के प्रावधानों के अन्तर्गत कोषागारों द्वारा खण्डीय अधिकारियों को प्रत्येक लेखा माह अनुगामी माह की चार तारीख तक,

समेकित कोषागार रसीद (सी0टी0आर0) तथा समेकित कोषागार निर्गमन (सी0टी0आई0) उपलब्ध कराया जाना चाहिये तथा वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड 5 (भाग 2) के प्रस्तर 650 के प्रावधानों के अनुरूप कोषाधिकारी द्वारा खण्डीय अधिकारियों से उनके समस्त प्रेषणों की मासिक समाधान की व्यवस्था की जानी चाहिए।

इस कार्यालय के अभिलेखानुसार दिनांक 31–03–2019 को प्रेषण लेखाशीर्ष के अन्तर्गत अभियन्त्रण सेवाओं के विभिन्न खण्डों के अनिस्तारित नकद प्रेषण का खण्डवार विवरण अनुलग्नक–5 में दिया गया है जबकि चैकों से सम्बन्धित अनिस्तारित खण्डवार अवशेष धनराशियां अनुलग्नक–6 में दर्शायी गयी हैं। कोषागारों द्वारा सी0टी0आर0 एवं सी0टी0आई0 के समुचित रख–रखाव के अभाव में उक्त धनराशियों अभी तक अनिस्तारित चली आ रही हैं।

उक्त अनिस्तारित राशियों का उल्लेख पूर्व के वर्षो में जारी समीक्षा प्रतिवेदनों में भी किया गया था, जिनके निस्तारण हेतु शासन व विभागाध्यक्षों के स्तर पर प्रभावी कार्यवाही की गयी प्रतीत नहीं होती।

यह उल्लेख करना अति महत्वपूर्ण है कि लोक निर्माण प्रेषण शीर्ष के अन्तर्गत लम्बित धनराशियों के निस्तारण न होने से गबन की सम्भावनाएं बनी रहती हैं। अतः शासन के स्तर पर प्रत्येक माह की 4 तारीख तक समेकित कोषागार रसीद (सी0टी0आर0) तथा समेकित कोषागार निर्गमन (सी0टी0आई0) खण्डों के खण्डीय अधिकारियों को प्रेषित करने हेतु सभी कोषाधिकारियों को निर्देश जारी करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के खण्डीय अधिकारियों को भी उपरोक्त लेखाशीर्ष में अनिस्तारित अवशेषों के निस्तारण के लिये दिशा–निर्देश दिये जाने की आवश्यकता है। दीर्घ अवधि से लम्बित अवशेषों के निस्तारण हेतु शासन द्वारा उचित नीति निर्धारित की जानी अपेक्षित है।

वर्तमान में अप्रैल 2019 से राज्य मे IFMS प्रणाली लागू होने के उपरान्त सचिव, वित्त अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन के पत्र सं0–306/XXVI(6)/एक/2018/2019 दिनाँक 05 सितम्बर 2019 के बिन्दु (क) 6 के अनुसार – लोक निर्माण प्रेषण से संबंधित

लेखाशीर्ष 8782–00–102 को दिनाँक 01.09.2019 से समाप्त कर दिया गया है। तद्नुसार संबंधित लेखा संहिता ''वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग VI'' में भी संशोधन अपेक्षित है।

प्रस्तर–7: मासिक लेखों की प्रारम्भिक जांच के दौरान पायी गयी सामान्य त्रुटियां:–

वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–6 के प्रस्तर 758 के प्रावधानों के अन्तर्गत इस कार्यालय को भेजे गये मासिक लेखे सभी प्रकार से पूर्ण व सही होने चाहिए। यह देखा गया कि खण्डीय अधिकारियों द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किये गये मासिक लेखों में अनेकों प्रकार की विसंगतियाँ/कमियाँ पायी गयी जिनका उल्लेख नीचे किया गया है:–

i. प्रपत्र–80 की प्राप्ति एवं व्यय पक्षों की राशियों का मासिक लेखा के साथ संलग्न विभिन्न प्रपत्र जैसे–प्रपत्र–74, प्रपत्र–70, प्रपत्र–79 आदि की राशियों से मेल न होना।

ii. प्रपत्र–80 में कैश बैलेन्स का प्रारम्भिक शेष पिछले माह के अन्तिम शेष से भिन्न होना, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आहरण–वितरण अधिकारियों द्वारा नकदी के सत्यापन में समुचित सावधानी नहीं बरती गई। आई.एफ.एम.एस. से सृजित फार्म 80 में रोकड़ के आरंभिक एवं अंतिम शेष के कॉलम नहीं बनाये गये है।

iii. प्रपत्र–80 में प्राप्ति एवं व्यय पक्षों के योग में अन्तर पाया गया।

iv. कतिपय लेखों के साथ फार्म (46A) प्राप्तियों का लेखा शीर्ष विवरण संलग्न नहीं किया गया।

v. चालान लिस्ट के साथ चालान की प्रति प्रेषित नही की गई।

vi. मासिक लेखों के साथ चालान द्वारा सीधे कोषागार में जमा किए गए राजस्व का विवरण संलग्न न होने के कारण इस कार्यालय के स्तर पर प्रेषण राशि की सत्यता सुनिश्चित नहीं की जा सकी। अतः राजस्व प्रेषण का विवरण व चालान की प्रतियाँ संलग्न किया जाना अपेक्षित हैं।

vii. कुछ प्रकरणों में व्यय की प्रकृति भारित/दत्तमत को न दर्शाया जाने के कारण त्रुटिपूर्ण लेखांकन की सम्भावना बनी रहती है।

viii. अधिकांश प्रकरणों में प्रपत्र–64 (निर्माण खर्चे का शैड्यूल) के प्रगामी व्यय एवं आवंटित बजट के स्तम्भों को न भरने के कारण भुगतान आधिक्य की सम्भावना बनी रहती है।

ix. वी0एल0सी0 द्वारा आवंटित कम्प्यूटर कोड की सील को मासिक लेखे पर न लगाये जाने से खण्डों की पहचान में असुविधा होती है।

x. संशोधन के लिये तैयार की गयी अंतरण प्रविष्टि पर संख्या व माह का न दर्शाया जाना निर्धारित नियमों की अवहेलना है, जिससे लेखे की सत्यता संदिग्ध रहती है।

xi. लेखाशीर्ष के अन्तर्गत 15 अंकीय वर्गीकरण सही रूप से अंकित न होने के कारण प्रायः वर्गीकरण की त्रुटियाँ प्रदर्शित होती हैं। अतः 15 अंकीय वर्गीकरण अनिवार्यतः अंकित किया जाना अपेक्षित है।

xii. मासिक लेखे के साथ प्रपत्र–67 ए (शैड्यूल ऑफ एम0पी0एस0एस0ए0) को संलग्न न किये जाने से स्टॉक उचन्त का सही आंकलन नहीं हो पाता है।

xiii. मासिक लेखे के साथ प्रपत्र–76 ए (शैड्यूल ऑफ सी0एस0एस0ए0) को संलग्न नही किये जाते है जिससे लम्बित अवशेषों का सही आंकलन करने में असुविधा होती है।

xiv. खण्डों द्वारा प्रायः बजट आवंटन की प्रत्याशा में व्यय कर दिया जाता है। बड़ी मात्रा में धनराशियों के व्यवर्तन के परिणामस्वरूप लेखांकन प्रक्रिया के मूल उद्देश्य हतोत्साहित होते है।

इस कार्यालय द्वारा उपरोक्त अनियमितताओं/कमियों एवं विलम्बित प्रेषणों को संबन्धित खण्डों की जानकारी में समय–समय पर लाया गया है। शासन से अनुरोध है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में खण्डीय अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने

हेतु निर्देशित करें तथा शासन स्तर से शुरू की गई सुधारात्मक कार्यवाही से कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक0) को अवगत करायें।

प्रस्तर–8: प्रकीर्ण अग्रिम मद में धनराशियाँ लम्बे समय से अनिस्तारित रहनाः–

वित्तीय हस्त पुस्तिका भाग–6 के प्रस्तर–578 के अन्तर्गत प्रकीर्ण अग्रिम मद में वे ही धनराशियां दर्ज की जानी चाहिए जो उधार बिक्री, निक्षेप में प्राप्त धनराशि से अधिक व्यय एवं हानियाँ, छटनी अथवा त्रुटियों के कारण उत्पन्न हुयी हों तथा उनका निस्तारण समुचित अन्तिम को अन्तरण अथवा वसूली द्वारा यथाशीघ्र किया जाना चाहिए। वसूली न होने योग्य राशियों को बट्टे खाते में डालने के प्रयास किये जाने चाहिए।

विभिन्न निर्माण कार्य खण्डों के लेखाओं के अवलोकन पर पाया गया कि अभियन्त्रण विभागों के पुस्तकों में प्रकीर्ण अग्रिम मद में अत्यधिक धनराशियाँ लम्बे समय से अनिस्तारित चली आ रही हैं, जिन खण्डों के विरूद्ध अनिस्तारित अवशेष लम्बित हैं उनका विवरण अनुलग्नक–7 में दर्शाया गया हैं। अतः उक्त लम्बित अवशेष के निस्तारण हेतु शासन एवं विभागीय स्तर पर प्रभावी कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

द्वितीय–भाग

प्रस्तर–1: निरीक्षण प्रतिवेदनों का उत्तर निर्धारित समय तक न दिया जानाः–

लेखापरीक्षा कार्यालय द्वारा जारी किये गये स्थानीय निरीक्षण प्रतिवेदनों के सभी प्रस्तरों का प्रथम उत्तर/अनुपालन आख्या लेखापरीक्षा कार्यालय में प्रतिवेदनों के जारी करने की तिथि से छः सप्ताह के भीतर प्राप्त हो जाना चाहिए।

यह देखने में आया है कि वर्ष 2023–24 में अनेक खण्डों द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदनों के प्रथम उत्तर अनेक माह व्यतीत हो जाने पर भी लेखा परीक्षा कार्यालय

को नहीं भेजे गए हैं। इस प्रकार प्रतिवेदनों का अनुत्तरित रहना निरीक्षण के उद्देश्य को समाप्त कर देता है।

अभियंत्रण खण्डों की सूची, जिन्होंने निरीक्षण प्रतिवेदनों का प्रथम उत्तर निर्धारित समायान्तर्गत नहीं दिया है, **अनुलग्नक–8** में दिया गया है।

प्रस्तर–2: स्थानीय निरीक्षण के दौरान पाई गयी महत्वपूर्ण अनियमितताएँ:–

अभियन्त्रण विभागों के स्थानीय निरीक्षण के दौरान अनेक प्रकार की अनियमितताएँ पाई गयीं। महत्वपूर्ण अनियमितताओं की सूची **अनुलग्नक–9** में दी गयी है। निर्माण कार्य विभागों के मासिक लेखाओं के निरीक्षण में पाए गये भुगतान आधिक्य व अन्य अनियमितताओं का विवरण **अनुलग्नक–10** में दिया गया है।

इन सभी प्रकरणों में वित्तीय हितों की सुरक्षा हेतु शासन द्वारा सुधारात्मक कदम उठाये जाने की आवश्यकता है।

उप महालेखाकार/लेखा

अनुलग्नक–1(अ)

(प्रस्तर–1 के सन्दर्भ में)

विभाग एवं माहवार मासिक लेखे की स्थिति जिनके लेखे वर्ष 2023–24 में विलम्ब से प्राप्त हुए:–

माह	सिंचाई विभाग	लघु सिंचाई खण्ड	लोक निर्माण	ग्रामीण निर्माण विभाग	योग
अप्रैल–2023	47	07	22	14	90
मई–2023	28	07	24	03	62
जून–2023	47	07	28	10	92
जुलाई–2023	19	01	18	06	44
अगस्त–2023	37	12	12	01	62
सितम्बर–2023	36	07	33	11	87
अक्टूबर–2023	33	11	22	08	74
नवम्बर–2023	38	07	12	06	63
दिसम्बर–2023	31	12	20	04	67
जनवरी–2024	08	08	24	09	49
फरवरी–2024	15	04	28	04	51
मार्च–2024	22	05	18	03	48
योग	361	88	261	79	789

अनुलग्नक 1 (ब)/(प्रस्तर–1 के सन्दर्भ में)

सिंचाई खण्डों द्वारा विलम्ब से प्रेषित

लेखों की सूची

अप्रैल–2023 से मार्च 2024

प्राप्ति की निर्धारित तिथि (अगले माह की 10वीं तारीख)

क्र0स0	आई. आर. डी.	खण्ड का नाम	अप्रैल 2023	मई 2023	जून 2023	जुलाई 2023	अगस्त 2023	सितम्बर 2023	अक्टूबर 2023	नवम्बर 2023	दिसम्बर 2023	जनवरी 2024	फरवरी 2024	मार्च 2024
1.	001	सिंचाई खण्ड, अल्मोड़ा	26-05-23	19-06-23	20-07-23	09-08-23	08-09-23	12-10-23	14-11-23	09-12-23	08-01-24	09-02-24	06-02-24	07-05-24
2.	002	सिंचाई खण्ड, रानीखेत	15-05-23	17-06-23	17-07-23	17-08-23	08-09-23	09-10-23	09-11-23	14-12-23	08-01-24	08-02-24	11-0324	12-04-24
3.	003	लघु डाल खण्ड अल्मोड़ा	15-05-23	19-06-23	17-07-23	08-07-23	08-09-23	12-10-23	06-11-23	11-12-23	08-01-24	08-02-24	12-03-24	16-04-24
4.	031	सिंचाई खण्ड, बागेश्वर	25-05-23	09-06-23	14-07-23	09-08-23	14-09-23	12-10-23	12-11-23	13-12-23	10-01-24	15-02-24	07-03-24	15-04-24
5.	035	सिंचाई खण्ड, चमोली	12-05-23	09-06-23	14-07-23	11-08-23	14-09-23	09-10-23	10-11-23	01-12-23	10-01-24	09-02-24	11-0324	12-04-24
6.	045	सिंचाई खण्ड, लोहाघाट, चम्पावत	25-05-23	16-06-23	14-07-23	10-08-23	14-09-23	10-10-23	07-11-23	10-12-23	16-01-24	06-03-24	11-03-24	15-07-24
7.	053	सिंचाई खण्ड, देहरादून	25-05-23	19-07-23	27-07-23	10-08-23	08-09-23	12-10-23	08-11-23	09-12-23	08-01-24	09-02-24	07-03-24	03-04-24
8.	054	सिंचाई खण्ड, कालसी	17-05-23	10-07-23	19-07-23	10-08-23	08-09-23	12-10-23	20-11-23	21-12-23	10-01-24	19-02-24	21-03-24	07-05-21
9.	055	नलकूप खण्ड, देहरादून	10-05-23	01-06-23	10-07-23	09-08-23	14-09-23	10-10-23	02-11-23	12-12-23	10-01-24	09-02-24	06-03-24	15-04-24

10.	056	अनुसंधान एवं अवस्थापना खण्ड, देहरादून	09-05-23	06-06-23	10-07-23	11-08-23	08-09-23	01-10-23	10-11-24	11-12-23	10-01-24	12-02-24	06-03-24	12-04-24
11.	061	सिंचाई खण्ड, विकासनगर, देहरादून	10-05-23	10-07-23	10-07-23	09-08-23	11-09-23	09-10-23	16-11-23	12-12-23	11-01-24	12-02-24	11-03-24	05-04-24
12.	066	परियोजना खण्ड, देहरादून	10-05-23	09-06-23	14-07-23	10-08-23	11-09-23	12-10-23	08-12-23	12-12-23	08-01-24	11-02-24	11-03-24	25-04-24
13.	069	डाकपत्थर कालोनी एवं संचार खण्ड	12-05-23	10-07-23	14-07-23	11-08-23	09-09-23	10-10-23	09-11-23	16-12-23	09-01-24	12-03-24	11-03-24	06-05-24
14.	073	सिंचाई खण्ड रूडकी	12-05-23	16-06-23	10-07-23	08-08-23	08-09-23	09-10-23	08-12-23	08-12-23	08-01-24	12-02-24	18-03-24	15-04-24
15.	126	सिंचाई खण्ड हरिद्वार	12-0523	10-07-23	12-07-23	08-08-23	11-08-23	09-10-23	14-11-23	13-12-23	10-01-24	12-02-24	07-03-24	23-04-24
16.	127	अवस्थापना (पुर्नवास) खण्ड, ऋषिकेश, देहरादून	10-05-23	16-06-23	10-07-23	08-08-23	11-09-23	10-10-23	12-11-23	12-12-23	11-01-24	09-02-24	11-03-24	15-04-24
17.	128	परियोजना खण्ड, ऋषिकेश	10-05-23	09-06-23	19-07-23	08-08-23	08-09-23	08-10-23	06-11-23	08-12-23	11-01-24	08-02-24	06-03-24	07-05-24
18.	129	नलकूप खण्ड रूड़की, हरिद्वार	12-05-23	09-06-23	10-07-23	07-08-23	08-09-23	08-10-23	16-11-23	08-12-24	11-01-24	06-02-24	06-03-24	29-04-24
19.	130	सिंचाई अनुसंधान संस्थान, रूड़की	10-05-23	07-06-23	10-07-23	07-08-23	08-09-23	06-11-23	08-11-23	11-12-23	09-02-24	12-02-24	11-03-24	12-04-24
20.	131	परिकल्प खण्ड, रूड़की	12-05-23	12-06-23	29-07-23	10-08-23	06-09-23	10-10-23	14-11-23	14-12-23	10-01-24	12-02-24	06-03-24	24-04-24
21.	132	स्थापना खण्ड रूडकी	10-05-23	09-06-23	10-07-23	08-08-23	06-09-23	09-10-23	09-11-23	08-12-24	11-01-24	06-02-24	06-03-24	12-04-24
22.	133	सिंचाई कार्यशाला खण्ड, रूड़की	10-05-23	16-06-23	10-07-23	08-08-23	08-09-23	09-10-23	07-11-23	09-12-23	18-01-24	11-02-24	07-03-24	12-04-24

23.	135	सिंचाई खण्ड, सितारगंज	15-5-23	09-06-23	17-07-23	10-08-23	08-09-23	10-10-23	08-11-23	13-12-23	10-01-24	06-02-24	07-03-24	12-04-24
24.	150	सिंचाई खण्ड, नैनीताल	26-05-23	16-06-23	14-07-23	10-08-23	08-09-23	12-10-23	12-11-24	14-12-23	31-01-24	09-02-24	15-03-24	07-04-24
25.	151	नलकूप खण्ड, हल्द्वानी	17-05-23	16-06-23	27-07-23	11-08-23	11-09-23	16-10-23	20-11-23	08-12-23	13-01-24	15-02-24	11-03-24	15-04-24
26.	153	जमरानी डैम निर्माण खण्ड–3, हल्द्वानी, नैनीताल	19-05-23	09-06-23	17-07-23	09-08-23	11-09-23	12-10-23	07-11-23	13-12-23	11-01-24	11-03-24	15-03-24	24-04-24
27.	154	सिंचाई खण्ड, रामनगर, नैनीताल	12-05-23	16-06-23	14-07-23	09-08-23	11-09-23	06-10-23	08-11-23	07-12-24	10-01-24	09-02-24	15-03-24	07-05-24
28.	155	सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी	10-05-23		17-07-23	08-08-23	11-09-23	09-10-23	07-11-23	08-12-23	10-01-24	05-02-24	06-03-24	15-04-24
29.	170	सिंचाई खण्ड, दुगड्डा	25-05-23	07-06-23	07-07-23	08-08-23	08-09-23	10-10-23	16-11-23	11-12-23	10-01-24	05-02-24	11-03-24	15-04-24
30.	171	सिंचाई खण्ड, श्रीनगर	10-05-23	14-06-23	10-07-23	09-08-23	11-09-23	11-10-23	09-11-23	07-12-23	18-01-24	12-02-24	06-03-24	15-04-24
31.	172	नलकूप खण्ड, बाजपुर	12-05-23	16-06-23	17-07-23	07-08-23	11-09-23	09-10-23	07-11-23	09-12-23	06-01-24	06-02-24	11-03-24	16-04-24
32.	200	सिंचाई निर्माण खण्ड, पिथौरागढ़	19-07-23	19-07-23	19-07-23	17-08-23	08-09-23	09-10-23	08-11-23	13-12-23	13-12-24	09-02-24	11-03-24	12-04-24
33.	230	सिंचाई खण्ड, रूद्रप्रयाग रूद्रप्रयाग	15-05-23	10-07-23	19-07-23	07-08-23	12-10-23	11-10-23	08-11-23	10-12-23	06-11-24	09-02-24	06-03-24	12-04-24
34.	240	सिंचाई खण्ड, नई टिहरी	15-05-23	09-06-23	21-07-23	08-08-23	11-09-23	11-10-23	08-11-23	13-12-23	18-12-24	09-02-24	05-03-24	16-04-24
35.	241	अवस्थापना/पुर्नवास खण्ड, नई टिहरी	07-06-23	19-06-23	21-07-23	08-08-23	11-09-23	09-10-23	08-11-23	14-12-23	09-01-24	06-02-24	18-03-24	12-04-24
36.	242	सिंचाई खण्ड, नरेन्द्रनगर	03-05-23	07-06-23	10-07-23	07-08-23	08-09-23	11-10-23	16-11-23	07-12-23	13-01-23	05-02-24	11-03-24	16-04-24

37.	250	सिंचाई खण्ड, काशीपुर, उधमसिंह नगर	12-05-23	09-06-23	17-07-23	11-08-23	14-09-23	12-10-23	09-11-23	07-12-23	15-01-24	12-02-24	18-03-24	10-04-24
38.	251	सिंचाई खण्ड, रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर	26-05-23	16-06-23	17-07-23	08-08-23	11-09-23	11-10-23	09-11-23	06-12-23	08-01-24	08-02-24	11-03-24	15-04-24
39.	260	सिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी	26-05-23	07-07-23	19-07-23	11-08-23	11-09-23	12-10-23	09-11-23	07-12-23	16-01-24	12-02-24	15-03-24	10-05-24
40.	261	सिंचाई खण्ड, पुरोला, उत्तरकाशी	10-05-23	09-06-23	19-07-23	1-08-23	11-09-23	12-10-23	09-11-23	17-12-23	16-01-24	12-02-24	19-03-24	22-04-24
41.	262	अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड, जोशियाडा, उत्तरकाशी	26-05-23	19-05-23	09-06-23	17-07-23	09-08-23	11-09-23	12-11-23	07-12-23	13-12-23	11-02-24	11-03-24	15-04-24
42.	266	अवस्थापना खण्ड, उत्तरकाशी	10-05-23	10-07-23	31-07-23	09-08-23	08-09-23	09-10-23	14-11-23	15-12-23	10-01-24	12-02-24	11-03-24	24-04-24
43.	270	नलकूप खण्ड, रामनगर	25-05-23	19.07-23	27-07-23	18-08-23	08-09-23	14-10-23	13-11-23	06-12-23	09-01-24	12-02-24	11-03-24	15-04-23
44.	271	सिंचाई खण्ड, केदारनाथ	10-05-23	06-06-23	06-06-23	11-08-23	14-09-23	12-10-23	08-11-23	11-12-23	15-01-23	08-02-24	18-03-24	07-05-24
45.	272	सिंचाई खण्ड, धारचुला पिथौरागढ़	26-05-24	09-06-23	19-07-23	08-08-23	11-09-23	16-10-23	23-11-23	07-12-23	15-01-23	08-02-24	06-03-24	24-04-24
46.	273	सिचांई खण्ड, कपकोट	25-05-23	10-07-23	14-07-23	18-08-23	08-09-23	12-10-23	13-11-23	13-12-23	15-01-24	12-02-24	15-03-24	16-04-24
47.	274	सिंचाई खण्ड, थराली, चमोली	10-07-23	10-07-23	10-07-23	07-08-23	15-09-23	13-10-23	08-11-23	14-12-23	15-01-24	06-02-24	06-03-24	10-04-24
48.	276	प्रशिक्षण परियोजना कुमाऊ, रूड़की	15-05-23	16-06-23	14-07-23	11-08-23	13-09-23	16-10-23	08-11-24	15-12-23	05-01-24	06-02-24	06-03-24	15-04-24
49.	331	(सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0), अल्मोडा	10-05-23	09-06-23	17-07-23	11-08-23	13-09-23	16-10-23	09-11-23	15-01-23	05-01-24	06-02-24	14-03-24	24-04-24

50.	333	सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0) बागेश्वर	26-05-23	19-07-23	17-07-23	08-08-23	08-09-23	12-10-23	13-11-23	06-12-23	10-01-24	08-02-24	14-03-24	16-04-24
51.	334	सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0) नैनीताल	12-05-23	09-06-23	14-07-23	11-08-23	15-09-23	09-10-23	08-11-23	11-12-23	12-01-24	07-02-24	07-03-24	12-04-24
52.	335	सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0), चम्पावत	12-05-23	09-06-23	07-07-23	14-08-23	11-09-23	09-10-23	08-11-23	14-12-23	10-01-24	09-02-24	05-03-24	15-04-24
53.	336	सिचाई खण्ड (पी.एम.जी.एस. वाई.), श्री नगर पौड़ी गढ़वाल	26-05-23	16-06-23	10-07-23	09-08-23	08-09-23	12-10-23	13-11-23	15-12-23	05-01-24	03-02-24	06-03-24	12-04-24
54.	337	सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0) कोटद्वार	12-05-23	09-06-23	14-07-23	07-08-23	08-09-23	09-10-23	13-11-23	06-12-23	10-01-24	07-02-24	11-03-24	09-04-24
55.	338	सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0) पिथौरागढ़	26-05-23	19-07-23	18-07-23	09-08-23	08-09-23	09-10-23	01-11-23	12-12-23	13-01-24	10-02-24	06-03-24	13-05-24
56.	339	सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0) रूद्रप्रयाग,	12-05-23	13-06-23	10-07-23	09-08-23	08-09-23	12-10-23	13-11-23	16-12-23	11-01-24	08-02-24	06-03-24	16-04-24
57.	341	सिंचाई खण्ड,1लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0) टिहरी	08-05-23	13-06-23	10-07-23	09-08-23	08-09-23	12-10-23	01-11-23	06-12-23	05-01-24	09-02-24	05-03-24	29-04-24
58.	342	सिंचाईखण्ड–2,लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0) टिहरी	15-05-23	09-06-23	09-07-23	07-08-23	08-09-23	12-10-23	10-11-23	11-12-23	10-01-24	07-02-24	06-03-24	16-04-24
59.	343	सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0)	26-05-23	16-06-23	14-07-23	09-08-23	08-09-23	12-10-23	13-11-23	06-12-23	10-01-24	08-02-24	15-03-24	10-04-24

		उत्तरकाशी												
60.	349	सिंचाई खण्ड (पी.एम.जी.एस. वाई.)बैजरोपौड़ी गढ़वाल	12-05-23	09-06-23	12-07-23	09-08-23	08-09-23	12-10-23	14-11-23	15-12-23	16-01-23	12-02-24	18-03-24	12-04-24
61.	350	सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0) पुरौला	15-05-23	09-06-23	10-07-23	11-08-23	14-09-23	09-10-23	13-11-23	14-12-23	10-01-24	09-02-24	11-03-24	15-04-24
62.	351	सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0) देहरादून	12-05-23	10-07-23	10-07-23	10-08-23	14-09-23	10-10-23	07-11-23	06-12-23	05-01-24	14-02-24	11-03-24	15-04-24
63.	353	सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0) लोहाघाट	25-05-23	16-06-23	17-07-23	10-08-23	08-09-23	12-10-23	16-11-23	11-12-23	16-01-24	19-02-24	15-03-24	07-05-24
64.	354	सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0) जखोली	28-05-23	16-06-23	18-07-23	10-08-23	08-09-23	12-10-23	14-11-23	18-12-23	09-01-24	08-02-24	07-03-24	16-04-24
65.	355	लघुडाल खण्ड, पिथौरागढ़	25-05-23	16-06-23	13-07-23	09-08-23	14-09-23	10-10-23	13-11-23	18-12-23	18-01-24	09-02-24	18-03-24	15-04-24
66.	356	लघुडाल खण्ड, उत्तरकाशी	25-05-23	07-06-23	18-07-23	11-08-23	08-09-23	01-10-23	14-11-23	11-12-23	18-12-24	01-02-24	05-03-24	29-04-24
67.	357	लघुडाल खण्ड, श्रीनगर	15-05-23	07-06-23	10-07-23	10-08-23	11-09-23	10-10-23	10-11-23	15-12-23	12-12-23	05-02-24	07-03-24	15-04-24
68.	358	नलकूप खण्ड, टनकपुर	26-05-23	19-07-23	18-07-23	10-08-23	11-09-23	12-10-23	06-11-23	14-12-23	10-01-24	09-02-24	07-03-24	12-04-24
69.	359	नलकूप खण्ड, हरिद्वार	10-05-23	09-06-23	10-07-23	11-08-23	11-09-23	10-10-23	11-08-23	01-12-23	10-01-24	12-02-24	11-03-24	12-04-24
70.	360	जल विज्ञान खण्ड बहादराबाद	10-05-23	09-06-23	10-07-23	10-08-23	08-09-23	10-10-23	10-11-23	11-12-23	10-01-24	08-02-24	11-03-24	16-04-24
71.	361	अवस्थापना पुनर्वास खण्ड	26-05-23	07-06-23	18-07-23	08-08-23	11-08-23	09-10-23	14-11-23	18-12-23	09-01-23	09-02-24	11-03-24	15-04-24

		चिन्यालीसौड												
72.	362	सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0) हल्द्वानी	12-05-23	19-06-23	14-07-23	08-08-23	11-09-23	10-10-23	17-11-23	11-12-23	18-01-24	14-02-24	11-03-24	12-04-24
73.	363	सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 (पी0एम0जी0एस0वाई0)श्री नगर	10-05-23	12-06-23	10-07-23	09-08-23	11-09-23	09-10-23	13-11-23	08-01-24	10-01-24	05-02-24	06-03-24	05-04-24

अनुलग्नक 1 (ब) / (प्रस्तर–1 के सन्दर्भ में)

लघु सिंचाई खण्डों द्वारा विलम्ब से प्रेषित लेखों की सूची

अप्रैल–2023 से मार्च 2024

प्राप्ति की निर्धारित तिथि (अगले माह की 10वीं तारीख)

क्र0स0		खण्ड का नाम	अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सितम्बर	अक्टूबर	नवम्बर	दिसम्बर	जनवरी	फरवरी	मार्च
			2023	2023	2023	2023	2023	2023	2023	2023	2023	2024	2024	2024
1.	100	लघुसिंचाई खंण्ड तपोवन रोड, निकट ब्लॉक आफिस, रायपुर, देहरादून	10-05-23	09-06-23	10-07-23	10-08-23	11-09-23	11-10-23	13-11-23	11-01-24	12-01-24	12-02-24	06-03-24	15-04-24
2.	101	लघुसिंचाई खण्ड,हरिद्वार	10-05-23	16-06-23	10-07-23	10-08-23	11-09-23	12-10-23	08-11-23	11-01-23	14-01-24	15-02-24	06-03-24	15-04-24
3.	200	लघु सिंचाई खण्ड, नैनीताल	12-05-23	19-07-23	17-07-23	10-08-23	11-09-23	12-10-23	16-11-23	13-12-23	15-01-24	12-02-24	06-03-24	15-04-24
4.	201	लघुसिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी	10-05-23	07-06-23	07-07-23	10-08-23	08-09-23	10-10-23	17-11-23	13-11-23	16-01-24	09-02-24	14-03-24	29-04-24
5.	300	लघुसिंचाई खण्ड,पौड़ी	10-05-23	06-07-23	06-07-23	07-08-23	11-08-23	09-10-23	20-11-23	16-01-23	18-01-24	03-02-24	14-03-24	12-01-24

6.	301	लघुसिंचाई खण्ड,गोपेश्वर, चमोली	15-05-23	12-06-23	06-07-23	09-08-23	11-09-23	09-10-23	09-11-23	10-11-23	11-12-23	22-02-24	11-03-24	24-04-24
7.	400	लघु सिंचाई खण्ड, रूद्रप्रयाग	12-05-23	16-06-23	12-07-23	10-08-23	11-09-23	12-10-23	13-11-23	10-12-23	11-01-23	22-02-24	11-03-24	15-04-24
8.	401	लघु सिंचाई खण्ड, बागेश्वर	15-05-23	19-07-23	17-07-23	11-08-23	11-09-23	12-10-23	14-11-23	15-01-24	11-12-23	13-02-24	15-03-24	07-05-24
9.	500	लघु सिंचाई खण्ड,टिहरी	08-05-23	09-06-23	07-07-23	10-08-23	08-09-23	10-10-23	16-11-23	09-01-24	10-01-24	12-02-24	06-03-24	16-04-24
10.	501	लघु सिंचाई खण्ड,चम्पावत	26-05-23	09-06-23	17-07-23	08-08-23	11-08-23	09-10-23	17-11-23	11-12-23	12-01-24	12-02-24	06-03-24	15-04-24
11.	600	लघु सिंचाई खण्ड, पिथौरागढ़	15-05-23	16-06-23	17-07-23	08-08-23	11-09-23	10-10-23	24-11-23	12-12-23	12-01-24	14-02-24	15-03-24	12-04-24
12.	601	लघु सिंचाई खण्ड, उद्यम सिंह नगर	10-05-23	17-07-23	17-07-23	09-08-23	11-09-23	12-10-23	08-11-23	11-12-23	16-01-24	15-02-24	06-03-24	15-04-24
